अति आवश्यक

उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स,-19 सी, विधानसभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001

दूरभाष–0522–2235752, फैक्स–0522–2235806

Web-www.uppbpb.gov.in

संख्या:पीआरपीबी–चार–1–3–(लि0सं0)–2023, दिनांक: मार्च 27 , 2025

CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

संशोधित सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023

बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत सूचना/विज्ञप्ति संख्या:पीआरपीबी–चार–1–3–(लि0सं0)–2023, दिनांक: 28.12.2023 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। प्रकाशित इस विज्ञप्ति के **प्रस्तर–4.1** में लिखित परीक्षा को वस्तुनिष्ठ प्रकार की **ऑनलाइन** परीक्षा कराये जाने का उल्लेख किया गया था।

2– उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शासनादेश संख्या–6/2024/148/सामान्य/47/का–4–2024, दिनांक 19.06.2024 से प्रदेश के विभिन्न भर्ती आयोग/चयन बोर्ड की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

3– भर्ती की प्रक्रिया के सम्बन्ध में उपरोक्त शासनादेश में प्रदत्त विस्तृत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में अब इस भर्ती की लिखित परीक्षा को वस्तुनिष्ठ प्रकार की **"ऑनलाइन"** परीक्षा के स्थान पर वस्तुनिष्ठ प्रकार की **"ऑफलाइन"** परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है।

4– एतद्द्वारा इस भर्ती की विज्ञप्ति के प्रस्तर–**4.1** में प्रावधानित लिखित परीक्षा को वस्तुनिष्ठ प्रकार की **ऑनलाइन** परीक्षा के स्थान पर वस्तुनिष्ठ प्रकार की **ऑफलाइन** परीक्षा पढ़ा जाय।

5– प्रकाशित सूचना/विज्ञप्ति दिनांकित 28.12.2023 में अंकित अन्य सभी तथ्य, शर्तें/प्राविधान यथावत रहेंगे।

6– परीक्षा की तिथि इत्यादि की जानकारी, Admit Card जारी करते समय दी जायेगी।

अपर सचिव (भर्ती),
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।